# विभाग हिन्दी

विभागीय परिषद
वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट
शैक्षणिक वर्ष: 2024–2025
संस्थान: राजकीय महाविद्यालय मुवानी, पिथौरागढ़

### विभागीय परिषद का संक्षिप्त परिचय

हिन्दी विभागीय परिषद, छात्र केंद्रित शिक्षण और सहभागी शासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दी विभाग की विभागीय परिषद शैक्षणिक वर्ष 2024–2025 में सक्रिय रूप से कार्यरत रही। परिषद ने छात्रों को शैक्षणिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और विस्तार गतिविधियों में शामिल होने के अवसर प्रदान किए, जिससे पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अनुभवात्मक सीखने और समग्र विकास को प्रोत्साहन मिला।

### उद्देश्य

- छात्रों की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना।
- पाठ्यक्रम से परे शिक्षण–अधिगम को समृद्ध करना।
- संचार कौशल, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच का विकास करना।
- सामाजिक, पर्यावरणीय और साहित्यिक जागरूकता को प्रोत्साहित करना।
- गुणवत्ता अभिलेखन और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन में सहयोग करना।
- भाषा और साहित्य के क्षेत्र को विस्तारित करना।

## विभागीय परिषद के उत्तरदायित्व

- परिषद में शामिल प्राध्यापक एवं विद्यार्थी विभाग की शैक्षणिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के नियोजन तथा सफल संचालन में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।
- दोनों पक्ष विभाग में स्वस्थ संवाद, सहयोग एवं समन्वय बनाए रखते हुए समस्याओं और सुझावों को लोकतांत्रिक ढंग से प्रस्तुत करें।
- प्राध्यापक मार्गदर्शक की भूमिका में रहकर विद्यार्थियों को अकादमिक एवं सहपाठ्यक्रमीय - गतिविधियों के लिए प्रेरित करें, जबकि विद्यार्थी जिम्मेदारीपूर्वक उस मार्गदर्शन का पालन करें।

- परिषद के सभी सदस्य विभागीय अनुशासन, समयपालन एवं संस्थागत गरिमा का पूर्णतः पालन करें।
- परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन में प्राध्यापक नेतृत्व प्रदान करें और विद्यार्थी सहयोगी भूमिका निभाएँ।
- प्राध्यापक तथा विद्यार्थी मिलकर हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संवर्धन हेतु नवाचारी योजनाएँ एवं रचनात्मक गतिविधियाँ प्रस्तावित करें।

## विभागीय परिषद का गठन

## गठन तिथि: 20 अगस्त 2024

| क्र०सं० | पद का नाम | छात्र का नाम | पिता का नाम | कक्षा |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | निशा सिरोला | बलवंत सिरोला | बी०ए० पंचम सेमे० |
| 2. | उपाध्यक्ष | ज्योति कार्की | हरीश सिंह कार्की | बी०ए० पंचम सेमे० |
| 3. | सचिव | सानिया | कुवर राम | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| 4. | संयुक्त सचिव | मनीषा रावत | नरेन्द्र सिंह रावत | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| 5. | कोषाध्यक्ष | मनीष कुमार | हरीश राम | बी०ए० पंचम सेमे० |
| | कक्षा प्रतिनिधि | | | |
| | दिया भंडारी | | प्रमोद सिंह भंडारी | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| | सुनीता बिष्ट | | देवेन्द्र सिंह बिष्ट | बी०ए० पंचम सेमे० |
| | अंजली | | त्रिलोक सिंह | बी०ए० प्रथम सेमे० |
| | रानी | | सुरेश राम | बी०ए० तृतीय सेमे० |
| | यशवंत टम्टा | | सुरेन्द्र राम | बी०ए० प्रथम सेमे० |

परिषद को सर्वसम्मति से समावेशी और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए गठित किया गया।

प्रतिहस्ताक्षरित

प्रो०, डॉ० गिरीश चन्द्र पन्त
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

डॉ० रुपेश कुमार
विभागाध्यक्ष (हिन्दी विभाग)
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

# हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों का विवरण
## शैक्षणिक वर्ष: 2024–2025

### गतिविधि 1: कविता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता
### मुख्य शीर्षक: "हिन्दी साहित्य में विभिन्न विमर्श"

- दिनांक: 05 अक्टूबर 2024
- प्रकृति: शैक्षणिक और साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 27 (विविध)

### उद्देश्य:

- साहित्यिक अभिव्यक्ति और रचनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करना।
- छात्रों में आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच का विकास करना।
- साहित्य के अन्तर्गत गद्य अथवा पद्य विधाओं से परिचित करना।
- साहित्य के विभिन्न लेखकों और आलोचकों से परिचित कराना।
- हिन्दी भाषा एवं साहित्य को विस्तारित करना।

### संक्षिप्त विवरण:

विभाग द्वारा कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने 'हिन्दी साहित्य में विभिन्न विमर्श' मुख्य विषय पर अपनी काव्यात्मक तथा गद्यात्मक रचनाएँ प्रस्तुत कीं। छात्रों ने न केवल लिखित कला का अभ्यास किया, बल्कि समापन के दौरान स्वयं रचित कविता और निबन्ध पाठ के माध्यम से अपना रचना कौशल व्यक्त कर अपनी विलक्षण विचार-शक्ति का परिचय दिया। रचना कौशल, संचार कौशल और आत्मविश्वास का विकास करने की दृष्टि से भी यह आयोजन सफल कहा जा सकता।

### परिणाम:

- साहित्यिक अभिव्यक्ति और लेखन कौशल में वृद्धि।
- आलोचनात्मक और विश्लेषणात्मक सोच का विकास।
- काव्य की समझ और रचना कौशल का निर्माण।
- काव्य तथा गद्य के विभिन्न उपादानों से परिचित होना।

# राजकीय महाविद्यालय मुवानी
## (पिथौरागढ़)

## महाविद्यालय स्तरीय

# कविता एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता

**दिनांकः 05 अक्तूबर 2024**

(डॉ० गिरीश चन्द्र पंत)
प्राचार्य एवं संरक्षक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

(डॉ० रुपेश कुमार)
कार्यक्रम संयोजक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

**हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "कविता एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता" में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं**



**हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित "कविता एवं निबन्ध लेखन प्रतियोगिता" में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं**

**अमर उजाला**
**06 अक्टूबर 2024**


अमर उजाला कुमाऊं

न्यूज डायरी


## जिले की ताइक्वांडो टीम ने जीते पांच स्वर्ण पदक

टनकपुर (चंपावत)। जिला बागेश्वर में तीन से पांच अक्तूबर तक आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चंपावत जिले की टीम ने पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। इसमें जीजीआईसी की छात्राएं समेत अन्य स्कूलों के बच्चे शामिल हैं। जीजीआईसी की प्रधानाचार्य विनीता जोशी ने बताया कि स्वर्ण पदक डॉली, उर्वशी, काजल, डिंपल, रोहित और रजत पदक भूमिका, शेफाली, स्वाति चंद्र, दिनेश, कांस्य पदक नेहा, पायल साहू, अंश गहतोड़ी, आशीष गहतोड़ी, आदित्य कुमार ने हासिल किया है। सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट, जीजीआईसी प्रधानाचार्य जोशी, खेल समन्वयक प्रदीप बोरा, प्रवक्ता बिंदु चंद, शिवांगी भट्ट आदि ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संवाद

## निबंध लेखन में दिखाई प्रतिभा

मुवानी (पिथौरागढ़)। राजकीय महाविद्यालय मुवानी में हिंदी विभाग की तरफ से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंजलि सामंत, मोनिका चौसाली, अंजलि, पूजा चंद, दिया गिरी, नैना चनयाल, रोहित रावत, दिनेश जोशी, सरिता, प्रमिला ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. गिरीश चंद्र पंत ने कहा कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। इस मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रूपेश कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. नीमा जोशी, भावना सहित अन्य विद्यार्थी और प्राध्यापक शामिल रहे। संवाद

## गतिविधि 2: महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता

- दिनांक: 08 अक्टूबर – 30 अक्टूबर 2024
- प्रकृति: शैक्षणिक / साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 36 (विविध स्तरीय)

## उद्देश्य:

- हिन्दी साहित्य में रुचि और साक्षरता को बढ़ावा देना।
- विषय ज्ञान और विश्लेषणात्मक क्षमता में सुधार।
- हिन्दी भाषा-भाषी और पाठकों के विषयगत बौद्धिक स्तर को जांचना।
- मेधावियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयार करना।

## संक्षिप्त विवरण:

हिन्दी विभाग ने हिन्दी साहित्य क्विज (Online) आयोजित किया। छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित भाषा एवं साहित्यिक ग्रंथों के आधार पर निर्मित कुल 50 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दिये, यह सत्र सहभागी शिक्षण और बौद्धिक विश्लेषण को प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ। प्रतिभागियों को दिये गए उत्तरों के आधार पर Online माध्यम से ई-प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## परिणाम:

- साहित्यिक समझ और विश्लेषण क्षमता में वृद्धि।
- सहयोगात्मक सीखने और बौद्धिक वातावरण का नव-निर्माण।
- प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विषयगत प्रश्नों से परिचय।

# राजकीय महाविद्यालय मुवानी
## (पिथौरागढ़)

# हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित

## महाविद्यालय स्तरीय

# प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता : 2024


**(दिनांक : 08 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024)**


(डॉ० गिरीश चन्द्र पंत)
प्राचार्य एवं संरक्षक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

(डॉ० रुपेश कुमार)
कार्यक्रम संयोजक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)


**हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 'महाविद्यालय स्तरीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता' में प्रतिभागियों का विवरण**



## गतिविधि 3:  राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता

- दिनांक: 10 जनवरी – 31 जनवरी 2025
- प्रकृति: शैक्षणिक / साहित्यिक
- सह-आयोजक: कोई नहीं
- स्थान: हिन्दी विभाग
- प्रतिभागी संख्या: 89 (विविध स्तरीय)

## उद्देश्य:

- हिन्दी साहित्य में रुचि और साक्षरता को बढ़ावा देना।
- विषय ज्ञान और विश्लेषणात्मक क्षमता में सुधार।
- हिन्दी भाषा-भाषी और पाठकों के विषयगत बौद्धिक स्तर को जांचना।
- मेधावियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयार करना।

## संक्षिप्त विवरण:

हिन्दी विभाग ने हिन्दी साहित्य क्विज (Online) आयोजित किया। छात्रों ने क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया और चयनित भाषा एवं साहित्यिक ग्रंथों के आधार पर निर्मित कुल 75 बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दिये, यह सत्र सहभागी शिक्षण और बौद्धिक विश्लेषण को प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ। प्रतिभागियों को दिये गए उत्तरों के आधार पर Online माध्यम से ई-प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## परिणाम:

- साहित्यिक समझ और विश्लेषण क्षमता में वृद्धि।
- सहयोगात्मक सीखने और बौद्धिक वातावरण का नव-निर्माण।
- प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विषयगत प्रश्नों से परिचय।

# राजकीय महाविद्यालय मुवानी
## (पिथौरागढ़)

# हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित
## राष्ट्रीय स्तरीय

# प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता : 2025

**(दिनांक : 10 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025)**

(डॉ० गिरीश चन्द्र पंत)
प्राचार्य एवं संरक्षक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

(डॉ० रुपेश कुमार)
कार्यक्रम संयोजक
राजकीय महाविद्यालय मुवानी
(पिथौरागढ़)

## हिन्दी विभाग द्वारा आयोजित 'राष्ट्रीय प्रश्नमंजूषा प्रतियोगिता' में प्रतिभागियों का Online विवरण

